


**Current Affairs**

**Weekly Revision**

**(24 to 29 June 2024)**

**Q. 1: हाल ही में, केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने "अंतरिक्ष के लिए योग" विषय पर सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया? Recently, where did the Central Council for Research on Yoga and Naturopathy organize a conference on the topic "Yoga for Space"?**

**a. बेंगलुरु**

**b. मुंबई**

**c. चेन्नई**

**d. नई दिल्ली**

**Answer: a. बेंगलुरु**

**Q. 2: हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क (SDSN) द्वारा जारी सस्टेनेबल डेवलपमेंट रिपोर्ट में भारत किस स्थान पर रहा? What was the rank of India in the Sustainable Development Report recently released by the United Nations Sustainable Development Solutions Network (SDSN)?**

**a. 95वें**

**b. 102वें**

**c. 106वें**

**d. 109वें**

**Answer: d. 109वें**

**पहला स्थान - फिनलैंड**

**संस्करण – 9वां**

**भारत ने 64.0 के समग्र स्कोर के साथ 109वीं रैंक हासिल की।**

**Q. 3: हाल ही में टी-20 विश्व कप के इतिहास में दो हैट्रिक लगाने वाले पहले गेंदबाज कौन बने हैं? Who has become the first bowler to take two hat-tricks in the T20 World Cup history?**

**a. जसप्रीत बुमराह**

**b. जोफ्रा आर्चर**

**c. मिचेल स्टार्क**

**d. पैट कमिंस**

**Answer: d. पैट कमिंस**

**पहली बांग्लादेश के खिलाफ और दूसरी अफगानिस्तान के खिलाफ**

**उन्होंने ये दो हैट्रिक लगातार दो मैचों में ली हैं**

**Q. 4: हाल ही में चर्चा में रहे सुमित नागल इटली के पेरुगिया चैलेंजर में उपविजेता रहे, उनका संबंध किस राज्य से है? Recently in news, Sumit Nagal was the runner-up in Perugia Challenger, Italy, he belongs to which state?**

**a. पंजाब**

**b. उत्तर प्रदेश**

**c. महाराष्ट्र**

**d. हरियाणा**

**Answer: d. हरियाणा**

**भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल, पेरूगिया में एटीपी चैलेंजर के फाइनल में उपविजेता रहे**

**इसके बाद नागल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग 71 पर पहुंच गए हैं।**

**Q. 5: हाल ही में चर्चा में रही, एनवायरनमेंट फ्लो (ई-फ्लो) निगरानी प्रणाली किस मंत्रालय से सम्बंधित है? Environment Flow (E-Flow) Monitoring System, which was in news recently, is related to which Ministry?**

**a. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**

**b. जल शक्ति मंत्रालय**

**c. कृषि मंत्रालय**

**d. ऊर्जा मंत्रालय**

**Answer: b. जल शक्ति मंत्रालय**

**हाल ही में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने एनवायरनमेंट फ्लो (ई-फ्लो) निगरानी प्रणाली शुरू की है**

**यह नदी के जल की गुणवत्ता की वास्तविक समय पर निगरानी (Real time monitoring) की सुविधा प्रदान करने तथा नदी पारिस्थितिकी तंत्र से संबंधित परियोजनाओं की निगरानी में सहायता हेतु डिज़ाइन की गई है**

**Q. 6: हाल ही में रॉयटर्स इंस्टीट्यूट की 2024 डिजिटल न्यूज़ रिपोर्ट के अनुसार, भारत का सबसे भरोसेमंद समाचार ब्रांड कौन सा है? According to the recent Reuters Institute's 2024 Digital News Report, which is India's most trusted news brand?**

**a. बीबीसी न्यूज़**

**b. डीडी न्यूज़**

**c. आकाशवाणी समाचार**

**d. इंडिया टुडे**

**Answer: c. आकाशवाणी समाचार**




'रॉयटर्स इंस्टीट्यूट डिजिटल न्यूज रिपोर्ट 2024' सर्वेक्षण में, साप्ताहिक पहुंच के लिए ऑनलाइन श्रेणी में पहला स्थान - एनडीटीवी ऑनलाइन

**Q. 7: हाल ही में भारत और बांग्लादेश के बीच कौन सी वीजा सुविधा शुरू की गई है? Which visa facility has been started recently between India and Bangladesh?**

a. ई-पर्यटन वीजा
b. ई-व्यापार वीजा
c. ई-शिक्षा वीजा
d. ई-मेडिकल वीजा

Answer: d. ई-मेडिकल वीजा

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर हुए।
इसके तहत भारत में इलाज के लिए आने वाले बांग्लादेशी नागरिकों के लिए देश में ई-मेडिकल वीजा सुविधा शुरू की जाएगी।
इसके साथ ही भारत के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के लोगों के लिए बांग्लादेश के रंगपुर में नई एम्बेसी (वाणिज्य दूतावास) खोली जाएगी।

**Q. 8: हाल ही में किस देश में महिलाओं के हिजाब पहनने पर सरकार ने पाबंदी लगाई है? Recently in which country has the government banned women from wearing hijab?**

a. सऊदी अरब
b. ताजिकिस्तान
c. तुर्की
d. ईरान

Answer: b. ताजिकिस्तान

ताजिकिस्तान में हिजाब पर आधिकारिक रोक लग गई है।
96 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले देश की संसद में यह फैसला लिया गया।
कानून का उल्लंघन करने पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है

**Q. 9: हाल ही में अय्यना पत्रुडु चिंताकयाला किस राज्य की विधानसभा के अध्यक्ष बने हैं? Recently Ayyanna Patrudu Chintakayala has become the Speaker of the Legislative Assembly of which state?**

a. आंध्र प्रदेश  b. तमिलनाडु
c. सिक्किम  d. अरुणाचल प्रदेश

Answer: a. आंध्र प्रदेश

**Q. 10: हाल ही में किस बैंक को अटल पेंशन योजना (APY) कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है? Which bank has recently received the national award for Atal Pension Yojana (APY) implementation?**

a. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
b. बैंक ऑफ बड़ौदा
c. पंजाब नेशनल बैंक
d. कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक

Answer: d. कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक

केनरा बैंक द्वारा प्रायोजित एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक (KVGB) को अटल पेंशन योजना (APY) के तहत महत्वपूर्ण नामांकन के लिए पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

**Q. 11: भारतीय थलसेना के अगले उप-प्रमुख कौन बनेंगे? Who will become the next vice chief of the army?**

a. उपेंद्र द्विवेदी
b. अरमान सिंह
c. एन एस राजा सुब्रमणि
d. श्यामल मुखर्जी

Answer: c. एन एस राजा सुब्रमणि

केंद्र सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल एन एस राजा सुब्रमणि को सेना का उप-प्रमुख नियुक्त करने की मंजूरी दी।
वह लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह लेंगे।

**Q. 12: एविएशन एनालिसिस फर्म OAG के अनुसार, दुनिया के तीसरे सबसे बड़े घरेलू एयरलाइन मार्केट के रूप में कौनसा देश उभरा है? According to aviation analysis firm OAG, which country has emerged as the world's third-largest domestic airline market?**

a. अमेरिका
b. चीन
c. भारत
d. ब्राजील

Answer: c. भारत

पहला – अमेरिका
दूसरा - चीन
घरेलू मार्गों पर 1.55 करोड़ यात्री कैपेसिटी के साथ भारत ने ब्राजील को पीछे छोड़ दिया है।




Q. 13: हाल ही में प्रक्षेपण-यान 'पुष्पक' का तीसरा और अंतिम प्रक्षेपण किसने किया? Who recently carried out the third and final launch of the launch vehicle 'Pushpak'?
a. इसरो
b. भारतीय नौसेना
c. डीआरडीओ
d. एयर इंडिया
Answer: a. इसरो
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो ने कहा है कि दोबारा प्रयोग होने वाले प्रक्षेपण यान, पुष्पक का तीसरा और अंतिम प्रक्षेपण प्रयोग, सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ।
यह प्रयोग कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित, एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में किया गया।

Q. 14: हाल ही में चर्चा में रहा, खालुबार युद्ध स्मारक कहाँ स्थित है? Recently in the news, where is the Khalubar War Memorial located?
a. लद्दाख
b. अरुणाचल प्रदेश
c. उत्तराखण्ड
d. हिमाचल प्रदेश
Answer: a. लद्दाख
कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि स्वरूप भारतीय सेना ने लद्दाख में खालुबार युद्ध स्मारक को पर्यटकों के लिए खोल दिया है।
देश इस वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है

Q. 15: विश्व टेबल टेनिस कंटेंडर चैंपियनशिप में सिंगल्स वर्ग का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय कौन बनी हैं? Who has become the first Indian to win the singles title at the World Table Tennis Contender Championship?
a. श्रीजा अकुला
b. मनिका बत्रा
c. आंचल गुप्ता
d. अचंत शरथ कमल
Answer: a. श्रीजा अकुला
भारत की श्रीजा अकुला डब्ल्यूटीटी कंटेंडर में सिंगल्स वर्ग का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं।
श्रीजा विश्व टेबल टेनिस कंटेंडर चैंपियनशिप के महिला सिंगल्स फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय भी बन गयी हैं।

Q. 16: हाल ही में ओलंपिक दिवस 2024 कब मनाया गया? When was Olympic Day 2024 celebrated recently?
a. 20 जून
b. 21 जून
c. 23 जून
d. 24 जून
Answer: c. 23 जून
यह दिन 1894 में पेरिस, फ्रांस में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना की याद में मनाया जाता है
इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस का विषय - चलो चलें और जश्न मनाएं (लेट्स मूव एंड सेलिब्रेट)

Q. 17: 2023 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में भारत किस स्थान पर रहा? What is the rank of India in Foreign Direct Investment in 2023?
a. 10वें
b. 12वें
c. 15वें
d. 18वें
Answer: c. 15वें
संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (अंकटाड) अंकटाड रिपोर्ट के अनुसार 2023 में भारत में कुल एफ़डीआई 28 बिलियन डॉलर था, जबकि 2022 में यह 49 बिलियन डॉलर था।
वैश्विक एफडीआई के शीर्ष प्राप्तकर्ता के रूप में भारत की रैंक 2022 में 8वें से गिरकर 2023 में 15वें स्थान पर आ गई।

Q. 18: हाल ही में किस देश ने संत तिरुमंकई अलवर की 500 साल पुरानी कांसे की मूर्ति वापस लौटाने की घोषणा की है? Recently which country has announced to return the 500-year-old bronze statue of Saint Tirumankai Alwar?
a. जर्मनी
b. जापान
c. ब्रिटेन
d. अमेरिका
Answer: c. ब्रिटेन
ब्रिटेन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने इंटरनल जांच के बाद भारत को 500 साल पुरानी एक कांसे की मूर्ति वापस लौटाने की घोषणा की है।




यह मूर्ति संत तिरुमंकई अलवर की है जो 16वीं सदी के दौरान तमिलनाडु के एक मंदिर से चोरी हो गई थी।
संत तिरुमंकई अलवर दक्षिण भारत के 12वें अलवर संतों में से अंतिम थे।

Q. 19: भारत के गुलवीर सिंह ने पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल हाई परफॉर्मेंस मीट में किस इवेंट में रजत पदक जीता और राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम किया? In which event did India's Gulveer Singh win the silver medal and set a national record at the Portland Track Festival High Performance Meet?
a. 1500 मीटर दौड़
b. 3000 मीटर दौड़
c. 5000 मीटर दौड़
d. 10000 मीटर दौड़
Answer: c. 5000 मीटर दौड़
स्वर्ण पदक विजेता - डायलन जैकब्स

Q. 20: हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय डिजिटल शिक्षक ओलंपियाड 2024 में पहला स्थान किसने हासिल किया है? Who has recently secured first place in the International Digital Teacher Olympiad 2024?
a. प्रियंका जैन
b. सचिन जैन
c. शिल्पी अग्रवाल
d. विकास शर्मा
Answer: c. शिल्पी अग्रवाल

Q. 21: हाल ही में किस राज्य सरकार ने दुकान और व्यावसायिक प्रतिष्ठान 24 घंटे खोलने की अनुमति दी है? Recently, which state government has allowed shops and commercial establishments to remain open 24 hours?
a. उत्तर प्रदेश
b. गुजरात
c. मध्य प्रदेश
d. राजस्थान
Answer: c. मध्य प्रदेश
मध्य प्रदेश में अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए सरकार 24 घंटे उद्योग, माल, रेस्टोरेंट और प्रमुख बाजारों को खोलने की अनुमति दी है
राजधानी - भोपाल

Q. 22: हाल ही में भारतीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र ने किसके साथ समझौता किया है? Recently with whom has Indira Gandhi National Centre for the Arts signed an agreement to promote Indian art and culture?
a. दूरदर्शन
b. आकाशवाणी
c. संसद टीवी
d. ज़ी टीवी
Answer: c. संसद टीवी
भारतीय कला और संस्कृति को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के उद्देश्य से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA) और संसद टीवी ने एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

Q. 23: हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस स्थान पर नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया है? At which place has Prime Minister Narendra Modi recently inaugurated the new campus of Nalanda University?
a. पटना
b. गया
c. राजगीर
d. दरभंगा
Answer: c. राजगीर
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया।
नालंदा यूनिवर्सिटी की स्थापना 427 ईसवी में सम्राट कुमारगुप्त ने की थी।
ये दुनिया की पहली रेजिडेंशियल यूनिवर्सिटी हुआ करती थी।

Q. 24: वर्ष 2024 में, हिंदी के लिए बाल साहित्य पुरस्कार किसे दिया गया है? In the year 2024, who has been awarded the Children's Literature Award for Hindi?
a. शम्सुल इस्लाम फारूकी
b. कुलदीप सिंह
c. नंदिनी सेनगुप्ता
d. देवेंद्र कुमार
Answer: d. देवेंद्र कुमार
साहित्य अकादमी ने बाल साहित्य पुरस्कार 2024 की घोषणा की है।
बाल साहित्य पुरस्कार 24 लेखकों को दिया गया।
पुरस्कार राशि - 50 हजार रुपये और ताम्र पट्टिका

बाल साहित्य पुरस्कार 2024




हिंदी के लिए - देवेंद्र कुमार (इक्यावन बाल कहानियां)
अंग्रेजी के लिए - नंदिनी सेनगुप्ता (पुस्तक - द ब्लू हॉर्स एंड अदर अमेजिंग एनिमल्स स्टोरीज फ्रॉम इंडियन हिस्ट्री)
उर्दू के लिए - शम्सुल इस्लाम फारूकी (कहानी संग्रह - बर्फ का देस अंटार्कटिका)

Q. 25: हाल ही में ओडिशा विधानसभा की अध्यक्ष कौन बनीं? Who became the Speaker of Odisha Legislative Assembly recently?
a. नन्दिनी देवी
b. प्रमिला मलिक
c. शोभा रानी
d. सुरमा पाढ़ी
Answer: d. सुरमा पाढ़ी
सीनियर बीजेपी लीडर सुरमा पाढ़ी ने ओडिशा विधानसभा अध्यक्ष का पदभार संभाला।
वह प्रमिला मलिक के बाद विधानसभा अध्यक्ष बनने वाले दूसरी महिला बन गई हैं

Q. 26: हेल्थ इफेक्ट इंस्टीट्यूट (HEI) की रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में वायु प्रदूषण की वजह से दुनिया भर में लगभग कितने लोगों की मौत हुई? According to the report of the Health Effects Institute (HEI), approximately how many people died worldwide due to air pollution in 2021?
a. 51 लाख
b. 61 लाख
c. 71 लाख
d. 81 लाख
Answer: d. 81 लाख
UNICEF से जुड़ी एक अमेरिकी संस्था हेल्थ इफेक्ट इंस्टीट्यूट (HEI) ने वायु प्रदूषण की वजह से दुनिया भर में हुई लोगों की मौत का आंकड़ा जारी किया।
इस रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में दुनिया भर में करीब 81 लाख लोगों की मौत हुई।

Q. 27: स्टेट ऑफ़ ग्लोबल एयर 2024 के अनुसार, वायु प्रदूषण से होने वाली मृत्यु में भारत किस स्थान पर है? According to the State of Global Air 2024, what is the rank of India in deaths due to air pollution?
a. पहला
b. दूसरा
c. तीसरा
d. चौथा
Answer: b. दूसरा
पहला स्थान - चीन

Q. 28: हाल ही में किस उच्च न्यायालय ने सरकारी नौकरियों में ट्रांसजेंडर के लिए एक प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है? Recently which High Court has directed to ensure one percent reservation for transgenders in government jobs?
a. दिल्ली उच्च न्यायालय
b. कलकत्ता उच्च न्यायालय
c. मुंबई उच्च न्यायालय
d. चेन्नई उच्च न्यायालय
Answer: b. कलकत्ता उच्च न्यायालय
कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को राज्य में सभी सरकारी नौकरियों में ट्रांसजेंडर के लिए एक प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है

अदालत ने कहा कि राज्य सरकार ने ट्रांसजेंडर के लिए रोजगार में समान व्यवहार की नीति अपनायी है

Q. 29: हाल ही में राष्ट्रीय महिला आयोग के अनुसार, सर्वाधिक शिकायतें कहाँ दर्ज हुई है? According to the recent National Commission for Women, where have the maximum number of complaints been registered?
a. बिहार
b. उत्तर प्रदेश
c. मध्य प्रदेश
d. राजस्थान
Answer: b. उत्तर प्रदेश
आयोग को महिलाओं के खिलाफ अपराध के 12600 शिकायतें मिलीं हैं
इसमें सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश से हैं
2023 में भी महिलाओं के खिलाफ हुए अत्याचार की सबसे ज्यादा शिकायतें यूपी से ही मिलीं थी

**Cabinet Ministers**

| | |
|---|---|
| भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय Minister of Heavy Industries | एच. डी. कुमारस्वामी H. D. Kumaraswamy |




| | |
|---|---|
| इस्पात मंत्रालय<br>Minister of Steel | एच. डी. कुमारस्वामी<br>H. D. Kumaraswamy |
| पंचायती राज मंत्रालय<br>Minister of Panchayati Raj | राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह)<br>Rajiv Ranjan Singh |
| मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय<br>Minister of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying | राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह)<br>Rajiv Ranjan Singh |

**Cabinet Ministers**

| | |
|---|---|
| पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय<br>Minister of Ports, Shipping and Waterways | सर्बानंद सोनोवाल<br>Sarbananda Sonowal |
| सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय<br>Minister of Social Justice and Empowerment | डॉ. वीरेंद्र कुमार<br>Dr. Virendra Kumar |
| नागरिक उड्डयन मंत्रालय<br>Minister of Civil Aviation | राम मोहन नायडू किंजरापु<br>Kinjarapu Rammohan Naidu |

**Q. 30: चांद के अंधेरे हिस्से से मिट्टी लाने वाला पहला देश कौन बना है? Which country has become the first country to bring soil from the dark side of the moon?**

a. रूस
b. भारत
c. चीन
d. अमेरिका

**Answer: c. चीन**

चीन का मून मिशन चांद की सतह से मिट्टी लेकर धरती पर पहुंच गया है
इसी के साथ वह पहला देश बन गया है, जो चांद के अंधेरे हिस्से से सैंपल लाने में सफल रहा है।
चीनी नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (Chinese National Space Administration – CNSA) का चैंग'ई-6 लैंडर (Chang'e-6 lander) 53 दिन बाद कैप्सूल में सैंपल लेकर धरती पर लौटा है।
राजधानी - बीजिंग
मुद्रा - रेन्मिन्बी (युआन)

**Q. 31: हाल ही में इंटेलीजेंस ब्यूरो (IB) के डायरेक्टर तपन कुमार डेका का कार्यकाल कितना बढाया गया है? Recently, the tenure of Intelligence Bureau (IB) Director Tapan Kumar Deka has been extended by how much time?**

a. छह महीने
b. एक साल
c. दो साल
d. तीन महीने

**Answer: b. एक साल**

केंद्र सरकार के कार्मिक मंत्रालय (Ministry of Personnel) ने इंटेलीजेंस ब्यूरो (IB Intelligence Bureau) के डायरेक्टर तपन कुमार डेका का कार्यकाल एक साल बढ़ा दिया है।
उनका कार्यकाल 30 जून को खत्म हो रहा था।
तपन डेका को 2022 में IB के डायरेक्टर के तौर पर नियुक्त किया था।

**Q. 32: हाल ही में केरल विधानसभा ने राज्य का नाम बदलकर क्या रखने का प्रस्ताव पारित किया है? Recently the Kerala Assembly has passed a proposal to change the name of the state to what?**

a. केरलिया
b. केरलपुर
c. केरलम
d. केरला

**Answer: c. केरलम**

केरल विधानसभा (Kerala Assembly) ने सर्वसम्मति से राज्य का नाम बदलकर केरलम (Keralam) करने का प्रस्ताव पास किया है।
मलयालम भाषा में केरल को केरलम कहते हैं

**Q. 33: हाल ही में भारत 64वीं अंतर्राष्ट्रीय चीनी संगठन (ISO) परिषद की बैठक की मेजबानी कहाँ कर रहा है? Where is India hosting the 64th International Sugar Organization (ISO) Council meeting recently?**

a. मुंबई
b. चेन्नई
c. बेंगलुरु
d. नई दिल्ली

**Answer: d. नई दिल्ली**




भारत नई दिल्ली में 64वीं अंतर्राष्ट्रीय चीनी संगठन परिषद (International Sugar Organization - ISO) की बैठक की मेजबानी करेगा।

Q. 34: S&P ने भारत के वित्त वर्ष 25 के लिए GDP विकास अनुमान को कितने प्रतिशत पर बरकरार रखा है? S&P has retained India's FY25 GDP growth forecast at what percent?

a. 6.0%
b. 6.5%
c. 6.8%
d. 7.2%

Answer: c. 6.8%

Q. 35: भारत ने अंडर-17 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में कुल कितने पदक जीते हैं? How many medals has India won in total in Under-17 Asian Wrestling Championship 2024?

a. 8
b. 9
c. 10
d. 11

Answer: d. 11

भारत ने जॉर्डन के अम्मान (Amman, Jordan) में खेली जा रही अंडर-17 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप (Under-17 Asian Wrestling Championship) में अपने अभियान का शानदार समापन किया।

भारत के युवा दल ने चार स्वर्ण, दो रजत और पांच कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक जीते।

भारत के लिए चारों स्वर्ण पदक महिला पहलवानों ने जीते हैं।

Q. 36: भारतीय जोड़ी ने किस खेल में पहली बार डबल्स कंटेंडर जीता है? In which sport has the Indian pair won the Doubles Contender for the first time?

a. बैडमिंटन
b. टेनिस
c. टेबल टेनिस
d. क्रिकेट

Answer: c. टेबल टेनिस

नाइजीरिया में लागोस वर्ल्ड टेबल टेनिस (WTT World Table Tennis) में भारत के हरमीत देसाई और मानव ठक्कर की जोड़ी ने पुरुष डबल्स में गोल्ड जीता। यह कंटेंडर टाइटल जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी बन गई।

भारत ने महिला सिंगल्स और डबल्स के अलावा पुरुष डबल्स में भी गोल्ड जीता

भारत ने 3 गोल्ड, 1 सिल्वर और 5 कांस्य पदक (Bronze) मिलाकर कुल 9 मेडल जीते।

श्रीजा अकुला ने महिला सिंगल्स में गोल्ड और अर्चना कामथ के साथ डबल्स भी जीता था।

Q. 37: हाल ही में राज्यसभा में सदन का नेता किसे नियुक्त किया गया है? Who has been recently appointed the Leader of the House in Rajya Sabha?

a. अमित शाह
b. जेपी नड्डा
c. ओम बिरला
d. पीयूष गोयल

Answer: b. जेपी नड्डा

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को राज्यसभा में सदन का नेता (leader of the House in Rajya Sabha) नियुक्त किया गया है

वह पीयूष गोयल का स्थान लेंगे, जो अब महाराष्ट्र के उत्तरी मुंबई से लोकसभा सदस्य हैं

नड्डा को इस वर्ष फरवरी में भाजपा द्वारा गुजरात से राज्यसभा के लिए नामित किया गया था

Q. 38: हाल ही में लोकसभा में विपक्ष के नेता कौन बने हैं? Who has recently become the Leader of Opposition in the Lok Sabha?

a. नरेन्द्र मोदी
b. जे पी नड्डा
c. राहुल गांधी
d. मल्लिकार्जुन खड़गे

Answer: c. राहुल गांधी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान सांसद राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता (leader of opposition in the Lok Sabha) बने हैं

2024 के चुनाव में कांग्रेस 99 सीटों के साथ सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बनी है।

Q. 39: हाल ही में 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष के रूप में किसे चुना गया है? Who has been recently elected as the Speaker of the 18th Lok Sabha?

a. सुमित्रा महाजन b. मुरली मनोहर जोशी
c. ओम बिरला d. कोडिकुन्निल सुरेश




Answer: c. ओम बिरला
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद ओम बिरला 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष (Speaker of the 18th Lok Sabha) चुने गए।
वे लगातार दूसरी बार लोकसभा स्पीकर बने हैं
उनके विरुद्ध कांग्रेस सांसद कोडिकुन्निल सुरेश चुनाव में खड़े थे

Q. 40: हेनले प्राइवेट वेल्थ माइग्रेशन रिपोर्ट 2024 में भारत किस स्थान पर रहा? What is the rank of India in the Henley Private Wealth Migration Report 2024?
a. पहला
b. दूसरा
c. तीसरा
d. चौथा
Answer: c. तीसरा
हेनली एंड पार्टनर्स ने हेनले प्राइवेट वेल्थ माइग्रेशन रिपोर्ट 2024 (Henley & Partners releases Henley Private Wealth Migration Report 2024) जारी की।
वर्ष 2024 में 4,300 भारतीय करोड़पतियों के देश छोड़ने का अनुमान है।
करोड़पतियों के पलायन migration of millionaires के मामले में भारत तीसरे नंबर पर है।
पहला - चीन
दूसरा - यूनाइटेड किंगडम

Q. 41: हाल ही में अमेरिका ने किस देश को एक प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी (MNNA) घोषित किया है? Which country has been recently declared by the US as a Major Non-NATO Ally (MNNA)?
a. नाइजीरिया
b. दक्षिण अफ्रीका
c. केन्या
d. घाना
Answer: c. केन्या
अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने केन्या को अपने देश का एक प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी (Major Non-NATO Ally) घोषित किया है

Q. 42: हाल ही में अंडरग्राउंड कोल गैसीफिकेशन (UCG) के लिए भारत का पहला पायलट प्रोजेक्ट कहाँ लॉन्च किया जायेगा? Where will India's first pilot project for Underground Coal Gasification (UCG) be launched recently?
a. ओडिशा
b. छत्तीसगढ़
c. झारखंड
d. पश्चिम बंगाल
Answer: c. झारखंड
भारत सरकार के स्वामित्व वाली कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी, ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने झारखंड के जामताड़ा जिले के कास्ता कोयला ब्लॉक में अंडरग्राउंड कोल गैसीफिकेशन (UCG) के लिए भारत का पहला पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च करने की घोषणा की।
अंडरग्राउंड कोल गैसीफिकेशन (UCG) जमीन में मौजूद कोयले को दहनशील गैस (combustible gas) में बदलने की प्रोसेस है। इस प्रोसेस के बाद कोयले से बिजली बनाई जाती है।

Q. 43: हाल ही में नई दिल्ली में डायरिया रोको अभियान-2024 किसने शुरु किया है? Who has recently launched Diarrhoea Stop Campaign-2024 in New Delhi?
a. नरेंद्र मोदी
b. अमित शाह
c. जेपी नड्डा
d. राजनाथ सिंह
Answer: c. जेपी नड्डा
केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने नई दिल्ली में एक समारोह में डायरिया रोको अभियान-2024 की शुरुआत की।
इसका उद्देश्य बचपन में डायरिया से बाल मृत्यु दर (Child Mortality Rate) को शून्य पर लाना है।

Q. 44: हाल ही में 'इंडिया अफ्रीका पोस्टल लीडर्स मीट' का आयोजन किस देश में हुआ? In which country was the 'India Africa Postal Leaders Meet' organized recently?
a. केन्या
b. नाइजीरिया
c. भारत
d. दक्षिण अफ्रीका
Answer: c. भारत
डाक क्षेत्र में अफ्रीकी देशों और भारत के बीच संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से 21 से 25 जून, 2024 तक भारत में 'इंडिया अफ्रीका पोस्टल लीडर्स मीट'




(India Africa Postal Leaders Meet) का आयोजन किया गया

आयोजन स्थल – नई दिल्ली

**Q. 45: हर साल संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस कब मनाया जाता है? When is the United Nations Public Service Day observed every year?**

**a. 23 जून**

**b. 22 जून**

**c. 25 जून**

**d. 24 जून**

**Answer: a. 23 जून**

संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस हर साल 23 जून को मनाया जाता है।

यह दुनिया भर के सभी क्षेत्रों के विकास में सार्वजनिक सेवा के योगदान और भूमिका पर प्रकाश डालता है

**Q. 46: हाल ही में चर्चा में रही फायर ड्रैगन 480 सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल किस देश से सम्बंधित है? Fire Dragon 480, a tactical ballistic missile that was in the news recently, belongs to which country?**

**a. भारत**

**b. अमेरिका**

**c. रूस**

**d. चीन**

**Answer: d. चीन**

फायर ड्रैगन 480 - यह एक लंबी दूरी का रॉकेट है जिसे चीन द्वारा निर्यात प्रयोजनों के लिए निर्मित किया गया है।

**Q. 47: हाल ही में भारत ने किस देश में अपना एक नया वाणिज्य दूतावास खोलने की घोषणा की है? Recently India has announced to open a new consulate in which country?**

**a. नेपाल**

**b. बांग्लादेश**

**c. श्रीलंका**

**d. मालदीव**

**Answer: c. बांग्लादेश**

भारत बांग्लादेश के रंगपुर में एक नया वाणिज्य दूतावास खोलेगा

**Q. 48: अक्टूबर 2024 से नाटो के अगले महासचिव कौन होंगे? Who will be the next Secretary General of NATO with effect from October 2024?**

**a. जेन्स स्टोलटेनबर्ग**

**b. मार्क रूटे**

**c. एंजेला मर्केल**

**d. इमैनुएल मैक्रॉन**

**Answer: b. मार्क रूटे**

मार्क रूटे (Mark Rutte) उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (North Atlantic Treaty Organization - NATO) के अगले महासचिव (Secretary General) होंगे

मार्क रूटे जेन्स स्टोलटेनबर्ग (Jens Stoltenberg) का स्थान लेंगे

मुख्यालय - ब्रुसेल्स, बेल्जियम (Brussels, Belgium)

**Q. 49: हाल ही में भारत के पहले ओलंपिक अनुसंधान एवं शिक्षा केंद्र का उद्घाटन कहाँ किया गया है? Where was India's first Olympic Research and Education Centre inaugurated recently?**

**a. महाराष्ट्र**

**b. उत्तर प्रदेश**

**c. गुजरात**

**d. कर्नाटक**

**Answer: c. गुजरात**

गुजरात के गांधीनगर जिले में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू - National Defense University) में भारत ओलंपिक अनुसंधान एवं शिक्षा केंद्र (India Olympic Research and Education Center) का उद्घाटन किया गया।

यह भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में ज्ञान, नवाचार और प्रदर्शन (knowledge, innovation and performance) के केंद्र के रूप में काम करेगा।

**Q. 50: हाल ही में ब्रिक्स गेम्स 2024 में भारत ने कुल कितने पदक जीते हैं? How many medals did India win in the recent BRICS Games 2024?**

**a. 25**

**b. 27**

**c. 29**

**d. 31**

**Answer: c. 29**

पहला स्थान - रूस

दूसरा स्थान - बेलारूस

तीसरा स्थान - चीन

आयोजन स्थल - कज़ान, रूस




ब्रिक्स गेम्स 2024 में भारत ने तीन स्वर्ण, 6 रजत और 20 कांस्य सहित कुल 29 पदक जीते हैं
भारत का पदक तालिका में स्थान – 8वां

**Q. 51: हाल ही में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने एनसीआर में वृक्षारोपण का लक्ष्य क्या रखा है? Recently what is the target of tree plantation set by Commission for Air Quality Management (CAQM) in NCR?**

**a. 2.5 करोड़**
**b. 3.5 करोड़**
**c. 4.5 करोड़**
**d. 5.5 करोड़**

**Answer: c. 4.5 करोड़**

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM Commission for Air Quality Management) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (National Capital Region) और आसपास के क्षेत्रों में 4 करोड 50 लाख वृक्षारोपण का उच्च लक्ष्य निर्धारित किया है।
यह कार्य वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान किया जाएगा।

**Q. 52: हाल ही में भारत की पहली एआई यूनिवर्सिटी ने किसे अपना कुलपति नियुक्त किया है? Who has recently been appointed as the Vice Chancellor of India's first AI University?**

**a. विजय कुमार**
**b. अंजलि शर्मा**
**c. अनिल खंडेलवाल**
**d. साइमन माक**

**Answer: d. साइमन माक**

भारत के पहले कृत्रिम बुद्धिमत्ता विश्वविद्यालय, यूनिवर्सल एआई यूनिवर्सिटी (UAIU) India's first artificial intelligence university, Universal AI University, ने अंतरराष्ट्रीय रणनीतिकार (international strategist) और कई पुरस्कार विजेता प्रोफेसर साइमन माक को अपना कुलपति Vice Chancellor नियुक्त किया है।
माक भारतीय संस्थान के संस्थापक कुलपति के पद पर नियुक्त होने वाले पहले गैर-भारतीय (first non-Indian) हैं।

**Q. 53: हाल ही में वनडे में लगातार शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर कौन बनीं हैं? Who has recently become the first Indian female cricketer to score consecutive centuries in ODIs?**

**a. मिताली राज**
**b. हरमनप्रीत कौर**
**c. स्मृति मंधाना**
**d. दीप्ति शर्मा**

**Answer: c. स्मृति मंधाना**

हाल ही में स्मृति मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो लगातार वन डे मैच में दो शतक लगाये
वह ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं।

**Q. 54: हाल ही में किस देश के खिलाड़ी डेविड वार्नर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है? Recently which country's player David Warner has announced his retirement from international cricket?**

**a. इंग्लैंड**
**b. दक्षिण अफ्रीका**
**c. न्यूज़ीलैंड**
**d. ऑस्ट्रेलिया**

**Answer d. ऑस्ट्रेलिया**

टी-20 वर्ल्ड कप 2024 (T20 World Cup 2024) में ऑस्ट्रेलिया का सफर खत्म होने के बाद डेविड वॉर्नर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है

**Q. 55: हाल ही में किस राज्य ने मंत्रियों के आयकर भुगतान की सरकारी व्यवस्था समाप्त की है? Which state has recently abolished the government system of income tax payment by ministers?**

**a. महाराष्ट्र**
**b. राजस्थान**
**c. गुजरात**
**d. मध्य प्रदेश**

**Answer: d. मध्य प्रदेश**

मध्य प्रदेश कैबिनेट ने फैसला किया कि राज्य के मंत्रियों को अपना आयकर यानी इनकम टैक्स (income tax) खुद भरना होगा न कि राज्य सरकार को इसका बोझ उठाएगी

**Q. 56: हाल ही में टी20 अंतरराष्ट्रीय में 200 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज कौन बने हैं? Who has recently become the first batsman to hit 200 sixes in T20 International?**

**a. डेविड वार्नर**
**b. एबी डिविलियर्स**




c. रोहित शर्मा
d. सूर्यकुमार यादव
Answer: c. रोहित शर्मा
रोहित शर्मा ने सुपर-8 के मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 छक्के लगाते ही अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट (International T20 cricket) में 200 छक्के लगाने का कीर्तिमान स्थापित कर दिया है
ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इसी मैच में रोहित ने भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में तीसरा सबसे तेज अर्धशतक (half-century) भी लगाया
Q. 57: हाल ही में आई रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कंप्रेसड बायोगैस उत्पादन में कौन सा राज्य शीर्ष पर रहा? According to the recent reports, which state topped in compressed biogas production in India?
a. महाराष्ट्र
b. गुजरात
c. कर्नाटक
d. उत्तर प्रदेश
Answer: d. उत्तर प्रदेश
उत्तर प्रदेश में कंप्रेसड (संपीड़ित) बायोगैस (Compressed Biogas - CBG) उत्पन्न करने की क्षमता देश में सबसे अधिक है
देश की प्रमुख थिंक टैंक संस्था सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (Center for Science and Environment - CSE) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि अकेले उत्तरप्रदेश में देश की कुल क्षमता का 24 प्रतिशत सीबीजी का उत्पादन हो सकता है।
Q. 58: अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने वाला 100वां देश कौन है? Who is the 100th country to join the International Solar Alliance as a full member?
a. चिली
b. उरुग्वे
c. पराग्वे
d. बोलीविया
Answer: c. पराग्वे
पराग्वे (Paraguay), अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (International Solar Alliance) में पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल होने वाला 100वां देश बन गया है।
Q. 59: केरल हाई कोर्ट की खंडपीठ ने किसे सबरीमाला का विशेष आयुक्त नियुक्त किया है? Who has been appointed as the special commissioner of Sabarimala by the division bench of Kerala High Court?
a. बी. राधाकृष्णन
b. अजयकुमार पी
c. जयकृष्णन आर.
d. विनोद चंद्रन
Answer: c. जयकृष्णन आर.
केरल हाई कोर्ट की खंडपीठ ने स्पेशल जज जयकृष्णन आर. को सबरीमाला का विशेष आयुक्त नियुक्त किया (Division Bench of Kerala High Court, Special Judge Jayakrishnan R. Appointed as Special Commissioner of Sabarimala)
Q. 60: हाल ही में किस महिला पुलिस स्टेशन को ISO 9001:2015 प्रमाणन से सम्मानित किया गया है? Which women police station has recently been awarded the ISO 9001:2015 certification?
a. दिल्ली महिला पुलिस स्टेशन
b. मुंबई महिला पुलिस स्टेशन
c. कोलकाता महिला पुलिस स्टेशन
d. ईटानगर महिला पुलिस स्टेशन
Answer: d. ईटानगर महिला पुलिस स्टेशन
ईटानगर महिला पुलिस स्टेशन (Itanagar Mahila Police Station), को आई एस ओ 9001:2015 प्रमाणन से सम्मानित किया गया है।
यह प्रमाणन महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए स्टेशन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
Q. 61: हाल ही में प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (PGTI) के अध्यक्ष कौन बने हैं? Who has recently become the President of Professional Golf Tour of India (PGTI)?
a. सुनील गावस्कर
b. कपिल देव
c. एच. आर. श्रीनिवासन
d. सचिन तेंदुलकर
Answer: b. कपिल देव
Q. 62: नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस कब मनाया जाता है? When is the International Day against Drug Abuse and Illicit Trafficking observed?
a. 24 जून b. 25 जून
c. 26 जून d. 27 जून




**Answer: c. 26 जून**

**इस अवसर पर देशभर में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए रैलियां तथा कार्यक्रम आयोजित होते हैं।**

**इस वर्ष का विषय - साक्ष्य स्पष्ट है-रोकथाम में निवेश करें "The evidence is clear: invest in prevention"**

**Q. 63: हाल ही में QS वर्ल्ड बेस्ट स्टूडेंट सिटी रैंकिंग 2025 में कौनसा भारतीय शहर शीर्ष पर रहा? In the recent QS World Best Student City Ranking 2025, which Indian city topped?**

**a. मुंबई**

**b. बेंगलुरु**

**c. चेन्नई**

**d. दिल्ली**

**Answer: d. दिल्ली**

**रैंक 1: लंदन (यूनाइटेड किंगडम) कुल स्कोर: 100**

**रैंक 2: टोक्यो (जापान) कुल स्कोर: 99.2**

**दिल्ली ने 55.3 के समग्र स्कोर के साथ 111वां स्थान हासिल किया है।**

**मुंबई ने 54.8 के समग्र स्कोर के साथ 113वां स्थान हासिल किया है।**

**For pdf,**
**Join telegram Channel**
**rwacurrentaffairs**